न्यूज ब्रीफ

संस्था अग्रमंच के सदस्यों ने धूमधाम से मनाई आठवी वर्षगांठ

इंदौर। अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रमंच द्वारा अपने स्थापना के आठ वर्ष पूर्ण होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन प्रतिमा चौराहा, नवलखा, इंदौर पर पितृपुरुष महाराजा अग्रसेनजी से आशीर्वाद लेकर किया गया। जानकारी देते हुए संस्था संरक्षक शैलेष गर्ग एवं संस्थापक आशीष गोयल ने बताया कि संस्था की स्थापना के सफलतापूर्वक आठ वर्ष हो चुके हैं। संस्था का निर्माण समाजसेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

हंसदास मठ पर नाग चंद्रेश्वर के रूप में सजे हंसेश्वर महादेव

इंदौर। एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर नागपंचमी एवं श्रावण सोमवार के संयोग पर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज के सान्निध्य में मठ स्थित हंसेश्वर महादेव का विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर स्थित नाग चंद्रेश्वर मंदिर की झांकी के रूप में श्रृंगार किया गया। मठ के पं. पवनदास महाराज ने बताया कि हंसेश्वर महादेव की इस झांकी को निहारने के लिए संध्या को मठ पर भक्तों का मेला जुटा रहा। मठ पर पूरे सावन माह सभी देवालयों का आकर्षक श्रृंगार का क्रम भी जारी रहा। सांसद शंकर लालवानी, सुरजीतसिंह चड्ढा, पं. योगेन्द्र महंत, ठा. जितेन्द्रसिंह, मोहनलाल सोनी, राजेन्द्र गर्ग सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने मठ पर आकर दर्शन, पूजन एवं आरती में भाग लिया। देर शाम तक भक्तों का मेला जुटा रहा। मठ पर पूरे श्रावण माह सुबह अभिषेक-पूजन एवं जाप तथा संध्या को रुद्राभिषेक एवं श्रृंगार के आयोजन जारी हैं।

अखंड परमधाम आश्रम 5 दिवसीय गोमाता कथा का आयोजन 25 से

इंदौर। खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम पर 25 से 29 अगस्त तक पांच दिवसीय गोमाता कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश की सबसे बड़ी पथमेड़ा गोशाला की साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती दीदी के श्रीमुख से प्रतिदिन सायं 7 से 10 बजे तक कथा होगी। आश्रम पर गोमाता कथा का यह पहला आयोजन सांवरिया ग्रुप म.प्र. के तत्वावधान में संत शिरोमणि स्वामी गोपालानंद महाराज की प्रेरणा एवं युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के आशीर्वाद से होगा। कथा का शुभारंभ 25 अगस्त को दोपहर 4 बजे लिम्बोदी स्थित शिवधाम मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। इस संदर्भ में अनुष्ठान की तैयारियों हेतु आश्रम पर गो भक्तों की बैठक हुई। इसमें राजेश रामबाबू अग्रवाल, दिनेश गोयल पचोर वाले, किशनलाल पाहवा, श्यामलाल मक्कड़, विजय शादीजा, तरुण बंसल, महेश अग्रवाल, प्रताप दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर कथा की तैयारियों पर विचार-मंथन किया।

गीता भवन में रुद्राभिषेक संपन्न

इंदौर। मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर श्रावण के सातवें सोमवार के अवसर पर आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री के निर्देशन में पांच विद्वानों द्वारा सत्संग सभागृह में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंजू ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। गुजरात के गोधरा से आई साध्वी परमानंदा सरस्वती के सान्निध्य में आरती संपन्न हुई। इस उपलक्ष्य में गीता भवन स्थित सभी देवालयों का आकर्षक मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिनके दर्शनार्थ दिनभर भक्तों का मेला जुटा रहा।

काशी विश्वनाथ धाम पर शिव महापुराण कथा और रुद्र महायज्ञ आज से

इंदौर। सावन के पावन माह में भगवान देवाधिदेव महादेव के पावन चरित्र श्री शिव महापुराण व रुद्र महायज्ञ का वेदपाठी ब्राह्मण विद्वान पंडित गौरव व्यास देपालपुर वालों के श्रीमुख से 22 से 28 अगस्त 2023 तक किया जा रहा है। आयोजनकर्ता श्री काशी विश्वनाथ धाम धरमपुरी (इंदौर) के गोपाल शास्त्री ने बताया कि यज्ञ का समय सुबह 9 से 1 बजे तक प्रतिदिन व शिव महापुराण कथा शाम 4 से 7 बजे तक की जाएगी।

धोबी पटला, सखी दांव, निकाल दांव से बेटियों ने किया विरोधियों को चित

सोमवार को नागपंचमी पर पूर्वी क्षेत्र स्थित चंद्रपाल उस्ताद व्यायामशाला में खड़ी कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया।

करीब 150 खड़ी कुश्तियां हुईं 50 में बेटियों ने दिखाया दम

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9329494194

नागपंचमी के अवसर पर पूर्वी क्षेत्र स्थित चंद्रपाल उस्ताद व्यायामशाला में खड़ी कुश्ती का आयोजन किया गया। इसमें 150 के करीब कुश्तियां हुईं, जिनमें 50 बेटियों ने कलागंज, निकाल, धोबी पटला दांव से विरोधी को चित कर दिया। पाटनीपुरा स्थित चंद्रपाल उस्ताद व्यायामशाला में पहलवान नागेन्द्रसिह ठाकुर की स्मृति में खड़ी कुश्ती का आयोजन हुआ। इसमें रिग में उतरने वाला पहलवान दर्शक दीर्घा में बैठे पहलवानों को चैलेंज करता है। सुबह 11 बजे से शुरू हुई कुश्तियां शाम 5 बजे तक चलीं, जिसमें 150 के करीब मुकाबले हुए।

बेटियों ने लगाया धोबी पटला-आज की कुश्ती में बेटियों ने धोबी पटला, सखी दांव तो निकाल दांव का इस्तेमाल कर विरोधी को चित किया। बालिका वर्ग में प्रियांशी जोशी, वंशिका कुशवाह, अपेक्षा बैस, गायत्री मरमट ने अपने मुकाबले जीते।

कुश्ती के पूर्व चना-घुघरी-कुश्ती के पूर्व दंगल की परंपरा के अनुसार पहलवानों को चना-घुघरी खिलाई गई। कुश्ती दंगल में बड़े पहलवान बालिका वर्ग के पहलवान और जूनियर वर्ग के पहलवानों ने आकर्षक दांव-पेंच, धोबी दांव, कलाजंग, फितले दांव सखी दांव, सालतोड़ दांव, जनेवा दांव, भारद्वाज दांव लगाकर दंगल जीता।

ये रहे विजेता-सीनियर वर्ग में गौतम ठाकुर, अली पठान, तुषार जाधव, कपिल सोलंकी, शुभम पुरी ने विजयश्री प्राप्त की। जूनियर वर्ग में रोहित बैरवा, आयुष कुशवाह, धर्मेंद्र कुशवाह, जयबीर ठाकुर, अर्जुन यादव, गोलू कौशल ने अपनी कुश्तियां जीती।

विजेता-उपविजेता को इनाम-संयोजक मनोज सोमवंशी, शुभम ठाकुर ने बताया कि विजेता, उपविजेता पहलवानों को अखाड़े के संचालक राजू ठाकुर व अर्जुन ठाकुर ने लाखों रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि सत्यनारायण सत्तन, विधायक रमेश मेंदोला, निगम सभापति मुन्नालाल यादव शामिल हुए।

नाग पंचमी पर श्रद्धालुओं ने किया बांबी पूजन

इंदौर। श्रावण मास की नागपंचमी पर इस बार श्रद्धालु नाग बांबी तलाशते नजर आए। वजह थी हर साल छुपते-छुपाते सपेरे आते, घर-घर जाकर साथ लाए नाग को दूध पिलवाते, इसके एवज में उन्हें कुछ राशि मिल जाती। लगातार सख्ती के कारण इस बार दूरस्थ स्थित कॉलोनियों में भी सपेरों का शाम तक पता नहीं लगा। नाग पंचमी पर नाग को दूध नहीं पिला पाने वाले श्रद्धालुओं ने छत्रीबाग माहेश्वरी स्कूल में बांबी पूजन किया। पं. कैलाश द्विवेदी बताते हैं कि हकीकत में ऐसा ही होना चाहिए। नाग को दूध पिलाना एक तरह से उसे अधमरा करना है। इस पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए।

श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में मनाया दीपोत्सव

इंदौर। शहर में नागपंचमी का पर्व श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ मनाया, वहीं दो सावन के चलते इस बार अद्भुत संयोग के बीच सातवें सोमवार को यह पर्व और भी खास हो गया था। शहर के मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का मनोहारी श्रृंगार किया गया। इसी कड़ी में गोयल नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ का नागेश्वर के रूप में श्रृंगार कर दीपोत्सव मनाया गया। प्रधान पुजारी ज्योतिषाचार्य डॉ. चंद्रभूषण व्यास ने बताया कि मंदिर में प्रति सोमवार विशेष श्रृंगार कलाकारों के द्वारा किया जाता है। सातवें श्रावण सोमवार को नागपंचमी का अद्भुत संयोग होने के चलते शाम को भगवान का नागेश्वर के रूप में श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंदिर में दीपोत्सव भी बनाया गया। गर्भगृह के साथ ही मंदिर प्रांगण भी दीपों की रोशनी से जगमगा होकर ऐसा लगा रहा था मानो मंदिर में दीपावली मनाई जा रही हो।

कांटाफोड़ मंदिर पर चार फीट ऊंचे शेष नाग की झांकी सजी

इंदौर। नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर श्रावण के सातवें सोमवार एवं नागपंचमी के उपलक्ष्य में रजत मंडित शिवालय में भगवान शिव की दिव्य प्रतिमा स्थापित कर फूलों से चार फीट ऊंचे नाग देवता की मनोहारी झांकी का निर्माण किया गया। मंदिर ट्रस्ट के विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं बीके गोयल ने बताया कि मंदिर पर इस झांकी को निहारने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर पर रविवार 27 अगस्त को मनकामेश्वर महादेव अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए शाही सवारी के रूप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सुबह 10 बजे यह शाही सवारी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर सम्पूर्ण अग्रवाल नगर होते हुए पुनः मंदिर पर आएगी। विधायक आकाश विजयवर्गीय के आतिथ्य में शाही सवारी का शुभारंभ होगा।

विद्याधाम पर नागलोक की झांकी, जुटा भक्तों का मेला

इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सान्निध्य में नागपंचमी एवं श्रावण सोमवार के उपलक्ष्य में आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में पं. लोकेश शर्मा एवं उनके साथियों ने आश्रम स्थित शिव मंदिर पर नागलोक की झांकी का निर्माण किया। आश्रम परिवार के यदुनंदन माहेश्वरी, पं. दिनेश शर्मा एवं रमेशचंद्र राठौर ने बताया कि पूरे सावन माह आश्रम पर शिव मंदिर में अखंड दुग्धधारा एवं तीर्थ जल से अतिरुद्र महायज्ञ तथा संध्या को सामूहिक शिव महिम्न पाठ, लक्ष्यार्चन आराधना एवं शिव आराधना के अनुष्ठान जारी हैं। नागपंचमी पर नाग लोग की झांकी को निहारने के लिए देर शाम तक भक्तों का मेला जुटा रहा।

'शिवपुराण कथा का अनचाहे भी श्रवण करने पर होता है कल्याण'

गीता भवन में स्वामी भास्करानंद के सान्निध्य में शुभारंभ

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 7879619664

संसार का कोई भी जीव स्वयं के लिए दुःख नहीं चाहता। हर किसी को सुख की चाहत बनी रहती है। हम सब जीवनभर यही प्रयास करते रहते हैं कि दुःख कभी आए ही नहीं। चींटी से लेकर देवता तक यही कामना रखते हैं। संसार को दुखालय भी कहा गया है। माया दुःखों का घर है। जैसे जहर या अमृत को धोखे से भी पी लें तो वे अपना असर करेंगे ही, उसी तरह शिवपुराण कथा भी भले ही अनचाहे श्रवण करें, मनुष्य का तो कल्याण होगा ही।

ये दिव्य विचार हैं वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज की सुशिष्या साध्वी कृष्णानंद के, जो उन्होंने गीता भवन में आयोजित शिवपुराण कथा के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व गीता भवन परिसर में रिमझिम फुहारों के बीच शिव महापुराण की शोभायात्रा भी निकाली गई। सैकड़ों भक्तों ने शिव महापुराण का पूजन किया। व्यासपीठ का पूजन समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, श्याम अग्रवाल मोमबत्ती, पुरुषोत्तम गोयल, महेश चायवाले, राजेश गर्ग, सुनील गोयल आदि ने किया।

साध्वी कृष्णानंद की अगवानी अंजलि अग्रवाल, कांता अग्रवाल एवं महिला मंडल की बहनों ने की। संयोजक किशोर गोयल एवं श्याम अग्रवाल ने बताया कि गीता भवन में 27 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 4 से सायं 7 बजे तक साध्वी कृष्णानंद के श्रीमुख से शिवपुराण कथा की अमृत वर्षा होगी।

आज भगवान नेमिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक

नसिया में तैयार होगी सम्मेद शिखर की प्रतिकृति

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9329494194

आज भगवान नेमिनाथ का जन्म एवं तप कल्याण है। मुकुट सप्तमी के अवसर पर नसिया में सम्मेद शिखर की प्रतिकृति की रचना की जा रही है। इसमें 18 फीट ऊंचाई पर स्वर्ण भद्र टोंक बनेगी और उस पर लाडू चढ़ाया जाएगा।

दिगंबर जैन सामाजिक संसद के राजकुमार पाटोदी, राकेश विनायका व सतीश जैन ने बताया कि 22 अगस्त को भगवान नेमिनाथ का जन्म एवं तप कल्याण है। इस अवसर पर आचार्य प्रातः 7.30 बजे रामाशाह मंदिर मल्हारगंज पहुंचेंगे, जहां भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा होगी। कार्यक्रम पश्चात आचार्य 8.30 बजे नसिया में भक्तामर की क्लास लेंगे।

बुधवार को रथयात्रा-बुधवार सुबह 7 बजे नसिया से रथयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में 24 पालकी पर 24 भगवान विराजित रहेंगे और विशेष पालकी पर भगवान पारसनाथ की बड़ी प्रतिमा रहेगी। नसिया में 25 पांडुक शिला पर 25 भगवान विराजित होंगे। प्रत्येक भगवान का अभिषेक होगा, शांतिधारा की जाएगी और आचार्य विहर्ष सागर मसा ससंघ, संगीत के साथ पूजन करवाएंगे। अंत में लाडू चढ़ाया जाएगा।

तीन लाडू समर्पित-भगवान पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक होने के कारण उनको तीन विशेष लाडू समर्पित किए जाएंगे। मंगलाचरण के बाद ब्रह्मचारी रीना दीदी द्वारा आचार्य विहर्ष सागर मसा की 8 द्रव्यों से पूजा करवाई गई।

प्रारूप ए
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2017 के विनियम 14 के अधीन)

इक्वलाइज़ हैल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ

1.	**कॉर्पोरेट व्यक्ति का नाम**	**इक्वलाइज़ हैल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड**
2.	कॉर्पोरेट व्यक्ति के निगमन की तिथि	24 जनवरी, 2020
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट व्यक्ति निगमित / पंजीकृत है	**रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज–ग्वालियर**
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित देयता पहचान कॉर्पोरेट लोगों की संख्या	U33309MP2020FTC050771
5.	कॉर्पोरेट व्यक्ति के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो तो) का पता	305 प्रेसिडेंट प्लाजा, 166, आर.एन.टी. मार्ग, इंदौर, मध्य प्रदेश–452001
6.	कॉर्पोरेट व्यक्ति का परिसमापन प्रारंभ होने की तिथि	**सोमवार, 21 अगस्त 2023**
7.	परिसमापक का नाम, पता, ई–मेल पता, दूरभाष संख्या तथा पंजीकरण संख्या	**अनिल रुस्तगी** **पंजी. सं**: IBBI/IPA-002/IP-N00683/2018-2019/12382 **पता** : मकान नंबर 524, टावर–6, एच ई डब्ल्यू ओ–1, सैक्टर–56, गुडगांव, हरियाणा–122011 **ई मेल** : anil_rustgi@yahoo.co.in **मोबाइल नंबर**: +91-9873333343
8.	दावे जमा करने की अन्तिम तिथि	**मंगलवार, 19 सितंबर 2023**

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि **इक्वलाइज़ हैल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सोमवार, 21 अगस्त 2023** को स्वैच्छिक परिसमापन आरम्भ किया है।

इक्वलाइज़ हैल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों को एतद्वारा मद 7 के सम्मुख उल्लिखित पते पर परिसमापक के पास **मंगलवार, 19 सितंबर 2023** को या इससे पूर्व अपने दावो के प्रमाण जमा करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से ही अपने दावों के प्रमाण जमा करेंगे। अन्य सभी पक्षकार अपने दावों के प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा जमा कर सकते है।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

हस्ता / –
अनिल रुस्तगी
(स्वैच्छिक परिसमापक)
पंजीकरण सं.:IBBI/IPA-002/IP-N00683/2018-2019/12382

तिथि : 21 अगस्त 2023
स्थान : गुड़गांव

कार्यालय पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय पुलिस - इन्दौर

क्रमांक / पु.उपा. / मुख्या / नगरीय / इन्दौर / रनि / क. पार्टस् / एमटी / नीलामी / 978 / 123
दिनांक–17 / 08 / 2023

:: विज्ञापन ::

पुलिस विभाग के निष्प्रयोज्य मोटर पार्ट्स एवं टायर ट्यूब की खुली नीलामी जहाँ है जिस हालत में है के आधार पर दिनांक 04.09.2023 को सुबह 11.00 बजे जेलरोड स्थित रक्षित केन्द्र नगरीय इन्दौर (डीआरपी लाईन) में की जावेगी । नीलामी योग्य सामान कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

इच्छुक व्यक्ति / फर्म रूपये 100.00 की राशि का पोस्टल आर्डर, पुलिस उपायुक्त इन्दौर के नाम से रक्षित केन्द्र वाहन शाखा (डीआरपी लाईन) इन्दौर में जमा कर निर्धारित आवेदन फार्म विज्ञापन जारी होने की दिनांक से प्राप्त कर सकते है । पूर्ण भरे हुये आवेदन फार्म प्रतिभूति राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित वाहन शाखा डीआरपी लाईन इन्दौर में दिनांक 28.08.2023 के शाम 05.00 बजे तक जमा किये जा सकेंगें। आवेदन पत्र का शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नही होगा । इच्छुक व्यक्ति / पार्टी जो सामान खरीदना चाहते है उन्हे निर्धारित फार्म के साथ रूपये– 10,000 / – (दस हजार रूपये मात्र) की अग्रिम राशि का राष्ट्रियकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट विज्ञापन जारी होने से दिनांक 28.08.2023 के शाम 05.00 बजे तक जमा कराना अनिवार्य है। इसके उपरांत कोई फार्म स्वीकार्य नही होगा। बैंक ड्राफ्ट पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय इन्दौर के नाम देय होगा।

नीलामी पश्चात उच्चतम बोली लगाने वाले बोलिकर्ता को बोली राशि तत्काल एक मुश्त जमा करना होगी इसके उपरांत ही सामग्री ले जाने दी जावेगा। नीलामी संबंधी समस्त अधिकार कमेटी को होंगे एवं कमेटी द्वारा लिया गया अंतिम निर्णय ही मान्य होगा ।

नीलाम की जाने वाली सामग्री :–

1. कण्डम मोटर पार्ट्स (लोहा, भंगार इत्यादि) – 3440 कि.ग्रा.
2. टायर–ट्युब–फ्लेप विभिन्न साईज के– (टायर–623 नग, ट्यूब–212 नग,फलेप– 14)

जी–18617 / 23
देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय
नगरीय इन्दौर

श्री माहेश्वरी सेवा संगठन का रास गरबा महोत्सव हुआ, हिंडोले में सजा दरबार

गोस्वामी दिव्येश महाराज के हुए प्रवचन, हजारों भक्तों का लगा जमावड़ा

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 7879619664

श्री माहेश्वरी सेवा संगठन द्वारा रास गरबा महोत्सव दस्तूर गार्डन में आयोजित किया गया। इसमें हिंडोले में प्रभु का दरबार सजा, हजारों भक्तों का जमावड़ा लगा।

आयोजन के प्रमुख रितेश मंत्री, राजकुमार साबू, यजमान गिरिराजदास मूंदड़ा, प्रदीप राठी ने बताया कि दिव्य हिंडोला मनोरथ महोत्सव की शुरुआत हुई। दिव्य झूला मनोरथ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में यमुना महारानी का मनोहारी श्रृंगार कर दरबार सजाया गया। हजारों भक्त यमुना महारानी के दर्शन को उमड़े।

वचनामृत में गोस्वामी दिव्येश कुमार महाराज ने भक्तों को प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि प्रभु से प्रेम करिए, भगवान भक्तों के मनोरथ पूर्ण करते हैं। माहेश्वरी समाज हर उत्सव को बड़े धूमधाम से मनाता है। राज गरबा महोत्सव के यजमान बसंत खटोड़, विजय चंडक ने बताया कि महोत्सव में 25 राधा और 25 कृष्ण बने कलाकारों के साथ हजारों भक्तों द्वारा सुप्रसिद्ध राजकमल बैंड के लाइव बैंड पर रास गरबा किया गया। इसमें हजारों भक्तों ने गरबे की प्रस्तुति दी। यह नजारा देखते ही बना। राधा-कृष्ण बने कलाकारों ने रास गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/प) धार संभाग धार
बख्तावर मार्ग हटवाडा (इन्दौर अहमदाबाद रोड) धार

नीलामी सूचना क्रमांक 18 / 23–24 :: नीलामी विज्ञप्ति :: धार, दिनांक 16.08.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित भवनो का अपलेखन सामग्री परिवहन एवं समतलीकरण कार्य की नीलामी की निविदा ऑनलाईन विभागीय पोर्टल www.mptenders.gov.in के द्वारा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	ऑनलाईन पोर्टल क्र.	कार्य का नाम	शासकीय बोली क्र.	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये)	अमानत राशि (रूपये)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1	2023_PWDRB_297981	शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन नालछा का अपलेखन सामग्री परिवहन एवं समतलीकरण कार्य	174467 / –	2000 / –	40000 / –	02 माह वर्षाकाल सहित

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 29.08.2023 सायं 17.30 बजे निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। अधिकतम बोलीकर्ता निविदाकार को बोली की राशि के अतिरिक्त राशि रू. 1,50,000 / – का डी.डी. अथवा एफ. डी. आर. (प्रत्येक कार्य हेतु) इस कार्यालय के पक्ष में बनाकर प्रस्तुत करनी होगी, जो कार्य पूर्ण होने पर देय होगी। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

सभी दस्तावेज केवल ऑनलाईन वेबसाईट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजे जावें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग, धार

जी–18644 / 23 देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

हीरो फिनकार्प लिमिटेड
HeroFinCorp.
CIN: U74899DL1991PLC046774
पंजीकृत कार्यालय: 34, कम्युनिटी सेन्टर, वसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057
फोन: 011-4948 7150, ईमेल: litigation@herofincorp.com
फैक्स: 011-4948 7150 | वेबसाइट: www.herofincorp.com

कब्जा सूचना (परिशिष्ट IV) नियम 8 (1)

जबकि हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड (एचएफसीएल), एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के अधिकृत अधिकारी में, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के प्रावधानों के तहत (बाद में "अधिनियम" के रूप में संदर्भित)) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 09.06.2023 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें निम्न मांग की गई:

1. मेसर्स गुप्ता इंडस्ट्रीज (उधारकर्ता/पता क्रमांक 1) अपने मालिक श्री अमित अग्रवाल के माध्यम से, इसका कार्यालय 561 केटेराईज्ड मार्केट, नया कबाड़खाना, भोपाल 463021 है।

2. श्री अमित अग्रवाल1 (सह-उधारकर्ता/पता क्रमांक 2), मालिक मेसर्स गुप्ता इंडस्ट्रीज, मकान नंबर ए-73, जानकी नगर, चूनाभाटी, कोलार रोड, हुजूर भोपाल आर.एस नगर, मध्य प्रदेश - 462016 में रहते हैं।

3. श्रीमती जसप्रीत अग्रवाल (सह-उधारकर्ता/पता संख्या 3) मकान नंबर ए-73, जानकी नगर, चूनाभट्ठी, कोलार रोड, हुजूर, भोपाल आर.एस नगर, मध्य प्रदेश - 462016 में रहती हैं।

4. मेसर्स अवनि सेल्स (सह-उधारकर्ता/पता संख्या 4) अपने मालिक श्री जसप्रीत अग्रवाल का कार्यालय यहां है: मकान नंबर 05, अट्टा सुजा खान, गली नंबर 01, कोतवाली रोड, भोपाल-462001 (मध्य प्रदेश), संपर्क नंबर - 9826051918।

08.06.2022 को देय 2,94,78,098.21/- (रुपये दो करोड़ चोरानवे लाख अठहत्तर हजार अठानवे एवं इक्कीस पैसे मात्र) के नोटिस में उल्लिखित राशि को लागू ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से साठ (60) दिन में चुकाने के लिए कहा गया था।

ऋणी द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, ऋणी और आम जनता को एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने 19 अगस्त 2023 को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 के साथ पठित अधिनियम का धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित चल संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे चल संपत्ति का लेन-देन न करें और चल संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन **2,94,78,098.21/- (रुपये दो करोड़ चोरानवे लाख अठहत्तर हजार अठानवे एवं इक्कीस पैसे मात्र)** देय लागू ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ 08.06.2022 की राशि के लिए एचएफसीएल के प्रभार के अधीन होगा।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

स्थान : इंदौर
दिनांक : 21.08.2023

हस्ते/-
अधिकृत अधिकारी,
हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड